सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

संख्या- एस०एस०वि०वि०/कु०स० मेमो/2020 दिनांक 08.04.2020

कार्यालय-ज्ञाप

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, वाराणसी के पत्रांक 2102/एस०टी०-कैम्प-2020 दिनांक 07 अप्रैल, 2020 द्वारा अवगत कराया गया है कि भारत सरकार द्वारा कोविड-19 के सम्बन्ध में जानकारी हेतु **'आरोग्य सेतु एप'** विकसित किया गया है। **'आरोग्य सेतु एप'** को अपने मोबाईल में डाउनलोड करने से कोविड-19 के बारे में सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त होती है तथा व्यक्ति कभी भी अन्य कोरोना पोजिटिव व्यक्ति के आस-पास आता है अथवा उसके सम्पर्क में आता है तो इसकी जानकारी भी इस एप को डाउनलोड करने वाले व्यक्ति को उपलब्ध हो जाती है।

कोरोना पोजिटिव व्यक्ति के विषय में एप पर जानकारी स्वतः ही हो जाये, इस हेतु **'आरोग्य सेतु एप'** प्रत्येक व्यक्ति स्वयं की सुरक्षा के लिए अपने मोबाईल में यह आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करें, ऐसा आदेश/निर्देश भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किया गया है। उक्त के साथ ही डाउनलोड करने वालों की संख्या से क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी (नोडल अधिकारी) को दिनांक 10.04.2020 तक उपलब्ध कराया जाना भी सुनिश्चित किया गया है।

अतः विश्वविद्यालय के समस्त अध्यापकों/अधिकारियों/कर्मचारियों एवं छात्रों से अपेक्षा है कि वे अपने मोबाइल में 'आरोग्य सेतु एप' डाउनलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव
सं०सं०वि०वि०, वाराणसी

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. जिला अधिकारी, वाराणसी।
2. मुख्य विकास अधिकारी।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी।
4. मुख्य चिकित्साधिकारी, वाराणसी।
5. सचिव कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
6. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
7. पुस्तकाध्यक्ष।
8. निदेशक- अनुसंधान/प्रकाशन।
9. छात्रकल्याध्यण संकायाध्यक्ष।
10. परीक्षा नियंत्रक।
11. आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
12. विनयाधिकारी।
13. समस्त सहायक कुलसचिव।
14. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से कि विश्वविद्यालय की वेब-साइट एवं समस्त सम्बद्ध संस्कृत महाविद्यालयों को उनके लॉगिन आई०डी० पर अपलोड कराने हेतु।
15. अधीक्षक (प्रशासन/सम्बद्धता/परीक्षा/लेखा)।
16. जनसम्पर्क अधिकारी।
17. सम्पत्ति अधिकारी।
18. सुरक्षा अधिकारी।
19. समस्त विभागानुभाग।
20. सम्बद्ध पत्रावली।

कुलसचिव
सं०सं०वि०वि०, वाराणसी